हिन्दी प्रादेशिक समाचार

आकाशवाणी चंडीगढ़

(तिथि 17 मार्च 2026, समय 1305 (5 मिनट)

****
****

भारतीय जनता पार्टी के संजय भाटिया और कांग्रेस पार्टी के करमवीर सिंह बौद्ध हरियाणा में राज्यसभा की दो सीटों के लिए निर्वाचित घोषित किए गए हैं। दो सीटों के लिए कल मतदान हुआ था। नौ अप्रैल को भाजपा के सदस्य किरण चौधरी और रामचन्द्रन जांगड़ा का कार्यकाल पूर्ण होने से हरियाणा में राज्यसभा की दो सीटें खाली हो रही हैं।

हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने चुनाब परिणाम पर प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि इण्डियन नैरानल लोकदल ने कांग्रेस का साथ दिया। उन्होने विजयी रहे दोनो उम्मीदवारों के बधाई देते हुए कहा कि चुनाव दिलचस्प रहा।

****
****

ईरान के भारतीय ध्वज वाले जहाजों के सुरक्षित आवागमन के बदले फरवरी में जब्त किए गए तीन टैंकरों को छोड़ने का अनुरोध वाली मीडिया रिपोर्ट को सरकारी सूत्रों ने निराधार बताया है। सूत्रों के अनुसार, भारत और ईरान के अधिकारियों के बीच इस तरह की कोई बातचीत नहीं हुई है।

****
****

पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्रालय की संयुक्त सचिव सुजाता शर्मा ने बताया कि देश में कच्चे तेल की पर्याप्त मात्रा उपलब्ध है और सभी

रिफाइनरियां अपनी पूरी क्षमता से काम कर रही हैं। उन्होंने कहा कि सभी पेट्रोल पंप सामान्य रूप से काम कर रहे हैं और कहीं भी पेट्रोल की कमी की कोई खबर नहीं है। संयुक्त सचिव ने बताया कि ऑनलाइन बुकिंग में ब□ोत्तरी हुई है।

****
****

हरियाणा सरकार ने हरियाणा अनुबंध कर्मचारी (सेवा सुरक्षा) अधिनियम, 2024 तथा नियम, 2025 के तहत www.securedemployees.haryana.gov.in पोर्टल पर अनुबंध कर्मचारियों के पंजीकरण और सत्यापन की प्रक्रिया पूरी करने के लिए समय-सीमा एक माह के लिए बढ़ा दी है।

मुख्य सचिव अनुराग रस्तोगी द्वारा इस संबंध में जारी पत्र के अनुसार, जिन अनुबंध कर्मचारियों ने अभी तक पंजीकरण नहीं कराया है, वे 15 अप्रैल, 2026 तक पोर्टल पर पंजीकरण कर सभी संबंधित दस्तावेज अपलोड कर सकेंगे।

संबंधित आहरण एवं वितरण अधिकारी 25 अप्रैल, 2026 तक, कर्मचारियों द्वारा पोर्टल पर अपलोड किए गए विवरण को सत्यापित करेंगे और विभागीय सेवा रिकॉर्ड की जांच करेंगे।

सत्यापन की प्रक्रिया पूरी होने के बाद वित्त विभाग द्वारा पात्र अनुबंध कर्मचारियों के लिए अतिरिक्त पद सृजित किए जाएंगे। यह प्रक्रिया 15 मई, 2026 तक पूरी की जाएगी।

इसके बाद संबंधित विभागाध्यक्ष अंतिम स्वीकृति प्रदान करते हुए पात्र अनुबंध कर्मचारियों को 15 जून, 2026 तक सेवा सुरक्षा के लिए नियुक्ति पत्र जारी करेंगे।

****

कुरुक्षेत्र पुलिस ने वाहन चोरी की एक वारदात को सुलझाते हुए एजेंसी से स्कूटी चोरी करने के आरोपी सेल्स एजेंट हरमनप्रीत सिंह को गिरफ्तार किया है। पुलिस की अपराध जांच एजेंसी के प्रभारी मोहन लाल ने बताया कि आरोपी करीब 5 माह से एजेंसी में सेल्स एजेंट के रूप काम कर रहा था। आरोपी से चोरी की 9 स्कूटी बरामद की गई है।

****

मंगोलिया में 28 मार्च से 11 अप्रैल तक होने वाली एशियाई मुक्केबाजी चैंपियनशिप में भारत का प्रतिनिधित्व बल्लभगढ़ क्षेत्र के 28 वर्षीय मुक्केबाज लोकेश चौधरी करेंगे। डीग गांव निवासी लोकेश के कोच अंतरराष्ट्रीय मुक्केबाज डॉक्टर राजीव गोदारा ने बताया कि भारतीय टीम प्रतियोगिता में भाग लेने के लिए मंगोलिया के लिए रवाना हो गई है।

लोकेश चौधरी ने नोएडा में आयोजित 9वीं एलीट पुरुष राष्ट्रीय मुक्केबाजी चैंपियनशिप में 80-85 किलोग्राम भार वर्ग में स्वर्ण पदक जीतकर एशियाई चैंपियनशिप में अपनी जगह बनाई। सेना में सेवारत लोकेश ने इस प्रतियोगिता में भारतीय सेना की ओर से हिस्सा लिया था। लोकेश ने कई राष्ट्रीय प्रतियोगिताओं में पदक जीते हैं। वर्ष 2024 की राष्ट्रीय प्रतियोगिता में उन्होंने स्वर्ण और गोवा में आयोजित राष्ट्रीय खेलों में रजत पदक हासिल किया था।